प्रधानमंत्री कार्यालय

प्रधानमंत्री ने राजस्थान के झुंझुनू में राष्ट्रीय पोषण मिशन तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के विस्तार का शुभारंभ किया

प्रकाशन तिथि: 08 MAR 2018 5:34PM by PIB Delhi

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजस्थान के झुंझुनू में आज राष्ट्रीय पोषण मिशन का शुभारंभ किया और साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के विस्तार की शुरूआत भी की।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर विशाल जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी के जरिये पूरा देश आज झुंझुनू से जुड़ गया है। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के विस्तार के लिए झुंझुनू जिला प्रशासन द्वारा किये गए कार्यों की सराहना की और इस अभियान से जुड़ने के इच्छुक जिलों के अधिकारियों से मुलाकात भी की। उन्होंने अभियान की सफलता के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों को प्रमाण पत्र प्रदान किये। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कार्यक्रम की लाभार्थी माताओं और बालिकाओं से बातचीत भी की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लड़के और लड़कियों के बीच किसी तरह के भेद भाव का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। उन्होंने लड़को के समान ही लड़कियों के लिए भी गुणवत्ता युक्त शिक्षा की पहुंच पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बेटियां बोझ नहीं हैं वे हमारे देश के लिए गौरव और समृद्धि का जरिया बन रही हैं। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर बच्चों को पोषक आहार दिये जाने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि 'मिशन इंद्रधनुष' के जरिये महिलाओं और बच्चों के जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है।

राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया ने इस अवसर पर कहा कि एक महती योजना का शुभारंभ करने तथा दूसरी योजना के विस्तार के लिए प्रधानमंत्री द्वारा राजस्थान का चुनाव किये जाने से उन्हें बेहद खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री के प्रयासों का राजस्थान सरकार हमेशा समर्थन करती रहेगी।

वीके/एएम/एमएस/एल-6962

(रिलीज़ आईडी: 1523324) आगंतुक पटल : 198

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English